दिनांक : 02.11.2025 समय : 02.10पीएम

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

**पीएम – ई.एस.टी.आई.सी.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में उभरते विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन –ई. एस. टी. आई. सी–2025 का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री देश में अनुसंधान और विकास– आरएंडडी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना कोष का भी शुभारंभ करेंगे। कल से शुरू होने वाला यह तीन दिवसीय सम्मेलन इस महीने की 5 तारीख को समाप्त होगा। ईएसटीआईसी 2025 का उद्देश्य शिक्षा जगत, अनुसंधान संस्थानों, उद्योग और सरकार से 3 हजार से अधिक प्रतिभागियों को एक साथ लाना है।

**मप्र स्थापना दिवस**

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर पहली बार तीन दिवसीय कार्यक्रम हो रहे हैं। आज दूसरे दिन सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का दो दिवसीय मंचन लाल परेड ग्राउंड पर होगा। मन भावन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आने वाले 2 दिन राज्य उत्सव की धूम रहेगी। यहां प्रदेश के विकास पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया जा सकता है।

## 14 भारतीय वायुसेना मैराथन

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने आज सुबह नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 10 और 5 किलोमीटर की दौड़ वाली हाफ मैराथन, सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन 2025 के पहले संस्करण को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मीडिया से बात करते हुए, एयर चीफ मार्शल ने परमवीर चक्र विजेता निर्मल जीत सिंह सेखों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित इस मैराथन दौड़ में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। परमवीर चक्र विजेता निर्मल जीत सिंह सेखों को समर्पित सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन 2025 का आयोजन भारतीय वायुसेना द्वारा सशस्त्र बलों के कर्मियों और नागरिकों के लिए किया गया था।

## जीएसटी

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद, 22 सितम्बर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। इस कड़ी आज हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार से स्टेशनरी क्षेत्र को कैसे बढ़ावा मिल रहा है।

## धान पंजीयन

खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बचे हुए किसानों का पंजीयन अब 6 नवंबर तक हो सकेगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं

उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि इस संबंध में सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को आदेश जारी किए गए हैं।

## इसरो–प्रक्षेपण

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज शाम 5 बजकर 26 मिनट पर देश के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–03 का प्रक्षेपण करेगा। यह प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा। एलवीएम3 रॉकेट भारत का सबसे भारी प्रक्षेपण यान है और 4 हजार किलोग्राम तक का भार अंतरिक्ष में ले जा सकता है। इसने चंद्रयान–3 जैसे चंद्रमा मिशनों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है।

## महिला क्रिकेट फाइनल

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबा दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच नवी मुंबई के डी वाई पाटिल स्टेडियम में दोपहर बाद तीन बजे शुरू होगा।

## समाचार संक्षेप में –

- भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होबार्ट में खेले जा रहे दूसरे टी–20 मैच में आज समाचार लिखे जाने तक आस्ट्रेलिया ने 3 ओवर में 2 विकेट पर 18 रन बना लिये थे।
- गुना निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण–2025 का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक संचालित होगा। इसी क्रम में ग्वालियर संभाग

आयुक्त ने बीएलओ की बैठक ली और आगामी पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत समीक्षा की।

—————————————